स्तर 3 (सप्ताह 12)

शीर्षक के आधार पर कहानी लिखना

उद्देश : विचार क्षमता और लेखन क्षमता विकसित होना।

साहित्य : कॉपी और पेन

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- बच्चों को किसी भी एक कहानी का शीर्षक बताएँ और उसके आधार पर कहानी लिखने के लिए कहें। जैसे - शेर और चूहा, खरगोश और कछुआ इत्यादि।

कैलेंडर भरना/ डायरी लिखना

उद्देश : विचार क्षमता और लेखन क्षमता विकसित होना।

साहित्य : कैलेंडर, कॉपी और पेन

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- बच्चों से कहा जा सकता है कि वे अपने घर में टंगे कैलेंडर या डायरी में प्रतिदिन यह लिखें कि उन्होंने पूरे दिन में क्या खास काम किया? उन्हें आज क्या अच्छा लगा? उन्होंने बड़ों के काम में कैसे हाथ बँटाया? आदि।